# पुल तो बना दिया, लेकिन सड़क नहीं बनी

## मटिया गांव में पुल तक जाने का रास्ता नहीं, कीचड़ से ग्रामीणजन परेशान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली,5 सितम्बर. सरई तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठदहा स्थित मटिया गांव के धामड़ नदी पर पिछले चार वर्षों से करीब 2 करोड़ 74 लाख रूपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य करा दिया गया, लेकिन पुल तक आने-जाने के लिए पक्की सड़क नही है.**



बारिश के दिनों में पुल तक सड़क कीचड़ के दल-दल में तब्दील है. जहां दर्जनों गांव के रहवासी शासन-प्रशासन को कोष रहे हैं. दरअसल सिंगरौली जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत क्षेत्र देवसर के कठदहा पंचायत अंतर्गत मटिया गांव के धामड़ नदी पर चार साल पूर्व पौने तीन करोड़ रूपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य कराया गया. उस वक्त यहां के ग्रामीणों में खुशी का माहौल था, लेकिन पुलिया तक आने-जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण न होने का ग्रामीणों का सपना अधूरा रह गया है. आलम यह है कि उक्त पुलिया मार्ग से दर्जन भर गांवों के लोगों का निरंतर आना-जाना है. कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील होने से पुल तक पहुंचना इन दिनों आसान नही है. ग्रामीणों का आरोप है कि पुल के दोनों छोर पक्की सड़क बनाई जाने की मांग बराबर की जा रही है, लेकिन प्रशासन कुछ सुनने को तैयार नही है. पंचायत के माध्यम से भी मांग की गई, फिर भी प्रदेश सरकार के नुमाईंदों की नींद नही खुल रही है. यहां के ग्रामीण सरकार के साथ-साथ अपने किस्मत को भी कोस रहे हैं. साथ ही ग्रामीण यह भी बता रहे हैं कि पंचायत के सरपंच बजट का अभाव बता कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ ले रहे हैं.

### 100 मीटर लम्बाई का है मामला

आलम यह है कि पुल से लेकर 100 मीटर दूरी गांव तक एक सड़क है, वह भी फिलहाल अच्छे हालत में नहीं है, लेकिन पुल की सड़क से जुड़ी सड़क पूरी तरह कीचड़ से भरी हुई है. करीब तीन किलोमीटर का भाग पूरी तरह खराब हो चुका है. बारिश कम होती है, तो कीचड़ तैयार हो जाता ह, तीन दिन से बारिश हो रही है, ग्रामीणों को कीचड़ से मुक्ति मिले, तो खराब सड़क पर चलना दूभर होता है. अगर इस पर कोई गिरा, तो भारी नुकसान हो सकता है.

# 5 साल से बिना लाइट के आ रहे बिल

- रायपुरिया ग्राम पंचायत कर रही भुगतान



**सीतामऊ 5 सितंबर. ग्राम पंचायत रायपुरिया के ग्राम करडिया बंबोरी में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है. यहां सरकारी कुएं पर मोटर चलाने के लिए विद्युत डीपी लगाई गई थी, लेकिन योजना एक दिन भी नहीं चली. विभाग के कर्मचारियों ने 5-7 साल पहले ही डीपी हटाकर बाबुल्दा गिरिट ले जाई थी.**

इसके बावजूद कनेक्शन क्रमांक 3208008938 से हर महीने हजारों रुपये का बिल पंचायत के खाते में आ रहा है, जिसका भुगतान लगातार किया जा रहा है. सरपंच पति तूफान केवट ने बताया कि ग्राम में आज तक नल योजना शुरू नहीं हुई, न ही स्ट्रीट लाइट चालू हैं, जबकि इनके बिल का भुगतान पंचायत कर रही है. ग्रामवासियों ने भी पुष्टि की कि कभी नल की लाइन में पानी नहीं आया और डीपी का उपयोग नहीं हुआ. विद्युत विभाग के सुपरवाइजर राहुल सिंह का कहना है कि शिकायत अभी हाल ही में मिली है और जांच कर शीघ्र निराकरण किया जाएगा. ग्रामीणों का कहना है कि अब देखना होगा उन्हें समाधान मिलता है या सिर्फ आश्वासन.

# एक्टर आशुतोष ने किए महाकालेश्वर के दर्शन



**उज्जैन 05 सितम्बर 2025 .** अभिनेता आशुतोष राणा ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए. पूजन पुजारी पं. जितेन्द्र शर्मा एवं पं. दिनेश त्रिवेदी द्वारा करवाया गया. महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल एवं आशीष फलवाडिया द्वारा स्वागत व सत्कार किया गया.

# पति-पत्नी के बीच विवाद में महिला की मौत

## परिवार ने बताया- सीढ़ियों से गिरकर घायल हुई, लेकिन लगी थी सिर में गोली

**नीमच 5 सितंबर. नीमच के कैंट थाना क्षेत्र के रिसाला मस्जिद के पास एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला के सिर में गोली लगी है, जबकि परिवार इसे सीढियों से गिरने का मामला बता रहा है.**

सूचना मिलते ही गुरुवार रात करीब 10 बजे कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान मौके पर पहुंचीं. घायल महिला को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. एक्स-रे में महिला के सिर में गोली की पुष्टि हुई है.

एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बाद में घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस मकान की बारीकी से तलाशी ले रही है. सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच विवाद के दौरान पति ने गोली चला दी. घटना के बाद से आरोपी पति फरार है. मामले में एडिशनल एसपी नवलसिंह सिसोदिया ने बताया कि किसी तरन्नुम नाम की महिला को गोली लगने की सूचना मिली थी. परिजन अस्पताल लेकर गए. वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस जांच कर रही है. जांच के हिसाब से कार्रवाई करेंगे. निरीक्षण में कई संदिग्ध चीजें मिली हैं. एफएसएल से घटना स्थल की जांच होगी.

### पुलिस कर रही जांच, संदिग्ध चीजें मिलीं

मौके पर एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया, सीएसपी किरण चौहान और कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान सहित पुलिस बल मौजूद रहे. परिजनों से पूछताछ की जा रही है, लेकिन वे स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं. पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है.

# पत्नी ने प्रेमी और मजदूर संग रची हत्या की साजिश

- कुएं से मिली लाश का पुलिस ने किया खुलासा
- मृतक की पत्नी समेत तीन आरोपी गिरफ्तार,
- पुलिस टीम की तत्परता से खुली गुत्थी



**अनूपपुर 5 सितंबर. अनूपपुर जिले के ग्राम सकरिया में 31 अगस्त को एक कुएं से बोरे और कंबल में लिपटी हुई लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी.** अब कोतवाली पुलिस ने इस अंधे हत्या कांड का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार हत्या का कारण मृतक की तीसरी पत्नी के अवैध संबंध रहे. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है. पुलिस अधीक्षक ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई.

**जांच में हुआ खुलासा :** पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेंज सविता सोहाने और पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान ने घटनास्थल का निरीक्षण कर विशेष टीम गठित की. गहन जांच और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मृतक की तीसरी पत्नी मुन्नी उर्फ विमला रजक उसके प्रेमी लल्लू उर्फ नारायणदास कुशवाहा पिता राम मनोहर कुशवाहा उम्र 48 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती वार्ड 13 अनूपपुर और मजदूर धीरज कोल पिता समय लाल कोल उम्र 25 वर्ष ग्राम सकरिया को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बताया मृतक भैयालाल रजक की तीन शादियां हुई थीं.

### यह था मामला

31 अगस्त की सुबह गुड्डी रजक पति भैयालाल रजक (60) निवासी सकरिया ने कोतवाली पहुंचकर सूचना दी कि उसके पति का शव घर के पीछे बने खेत के कुएं में उतराता हुआ देखा गया है. एफएसएल टीम, फिंगरप्रिंट व एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया. शव बोरे और कम्बल में लिपटा हुआ था रस्सी व साड़ियों से बंधा हुआ मिला. मृतक के सिर पर गहरी चोट पाई गई. पीएम रिपोर्ट में भी मौत का कारण सिर पर गंभीर चोट बताया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया.

# कार ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

## घर का सामान लेने निकले दंपत्ति का एक्सीडेंट हुआ

**देवास 5 सितंबर. शुक्रवार सुबह जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. पाल्डीया निवासी 55 वर्षीय सुशीला पति मांगीलाल मंडलोई की कार और बाइक की टक्कर में मौत हो गई, जबकि उनके पति घायल हो गए. हादसा ग्राम नावदा फाटा के समीप घटित हुआ.**

परिजनों के अनुसार दंपत्ति सुबह करीब 9 बजे गांव पाल्डीया से देवास की ओर घर का सामान लेने निकले थे. मांगीलाल बाइक चला रहे थे और पीछे उनकी पत्नी सुशीला बैठी थीं. जैसे ही वे नावदा फाटा के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सड़क पर गिर गई और दोनों पति-पत्नी दूर जा गिरे. आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें जिला चिकित्सालय पहुंचाया. डॉक्टरों ने जांच के बाद सुशीला को मृत घोषित कर दिया. वहीं पति मांगीलाल को चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है.

### गाय को बचाने में पलटा पिकअप वाहन

**शाजापुर.** नगर से गुजरे नेशनल हाईवे पर मझानिया पेट्रोल पंप के सामने बालाजी होटल के पास पिकअप वाहन पलट गया. गुरुवार रात करीब 11 बजे हुई घटना गाय को बचाने में हुई. इस दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गया. गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ. कोतवाली थाने के एसआई राहुल पोरवाल के अनुसार पिकअप चालक सत्येंद्र रावत मऊ से झांसी की ओर पत्ता गोभी ले जा रहा था. वह गडोटा थाना डबरा का निवासी है. पीछे से आ रहे वाहनों ने समय पर ब्रेक लगा ली. नहीं तो हादसा गंभीर हो जाता. हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को साइड में लगवाकर यातायात सुचारू करवाया. स्थानीय निवासी सुमित ने बताया कि नेशनल हाईवे पर मवेशी झुंड बनाकर खड़े रहते हैं. इससे वाहन चालकों को परेशानी होती है. हाईवे प्राधिकरण समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा.

# आवारा कुत्तों के हमले से हुई 13 साल की बच्ची की मौत

## बच्ची सहेली के साथ खेत घूमने गई थी

**सिवनी 5 सितंबर. जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, घटना शाम 4 बजे की है. जहाँ आवारा कुत्तों के झुंड ने 13 वर्षीय बच्ची पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया. यह घटना तब हुई जब बच्ची एक सहेली के साथ खेत गई थी.**

कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत समनापुर गाँव की 13 साल की अवनी विनोखे अपनी एक सहेली के साथ खेत घूमने गई थी. इसी दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया. हमले से घबराई एक बच्ची भागकर घर पहुँची और परिजनों को घटना की जानकारी दी. जब परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुँचे तब तक कुत्ते बच्चे को बहुत बुरी तरह घायल कर चुके थे, बच्ची ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया.

घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया. पुलिस ने इस पूरे मामले की जाँच शुरू कर दी है. इस घटना से पूरे गाँव में शोक का माहौल है.

गौरतलब है कि कुत्तों का आतंक गांव में सहित शहरों में भी दिखने लगा है.



# तालाब बनी सड़कें, 1 घंटे में 2 इंच बारिश

**उज्जैन 5 सितंबर. मेहरबान मानसून जमकर बरस रहा है. शुक्रवार शाम एक बार फिर से झमाझम का नजारा दिखाई दिया और सडक़ें तालाब बन गई. आवागमन पूरी तरह से थम गया था. एक घंटे तेज बारिश के बाद रिमझिम का सिलसिला जारी था.**

भगवान गणेश के आगमन के साथ ही मानूसन की दस्तक हो गई थी. जिसके बाद से लगातार बारिश का क्रम बना हुआ है. क्षिप्रा उफान पर चल रही है, गंभीर डेम से पानी छोड़ा जा रहा है. इस बीच शुक्रवार शाम 4 बजे एक बार फिर बादलों की गडगड़ाहट के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई. करीब 1 घंटे तक रफ्तार से पानी गिरता रहा. तेज बारिश के चलते धार्मिक नगरी की रफ्तार पूरी तरह से थम गई थी. सडक़ें तालाब बन चुकी थी, जहां से वाहन निकालना मुश्किल हो गया था. शाम पांच बजे बारिश का क्रम धीमा हुआ तो जलभराव के बीच दो पहिया वाहन बंद होते दिखाई देने लगे.

### मुरैना में पुलिया और रपटे पानी में डूबे, ग्रामीणों ने ट्रॉली से कूदकर बचाई जान

**मुरैना.** जिले में क्वारी नदी जबरदस्त उफान पर आ गई है. तेज बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे कई ग्रामीण इलाकों में बने पुल, पलिया और रपटे पानी में डूब गए हैं. आज सुबह से जिले के कई क्षेत्रों में बारिश हो रही है. तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है. पहाड़गढ़ विकासखंड के खरिका गांव, जो क्वारी नदी के किनारे बसा हुआ है, यहां नदी पर बना एकमात्र रपटा पूरी तरह जलमग्न हो चुका है, फिर भी ग्रामीण इस पर आवाजाही कर रहे हैं. ग्रामीणों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रपटा पार करते समय तेज बहाव में फंस गई. तेज बहाव में ट्रैक्टर ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह पानी के साथ बहने लगी. लेकिन रपटे किनारे बनी मिट्टी की एक ऊंची मेढ़ से टकराकर ट्रॉली रुक गई. इससे ट्रॉली वहीं अटक गई और बड़ा हादसा होते-होते टल गया .ट्रैक्टर से कूदकर ग्रामीणों ने जान बचाई.

### खाचरौद में सर्वाधिक वर्षा

इस वर्षाकाल में अभी तक जिले में औसत 726.5 मिमी वर्षा हो चुकी है. पिछले 24 घंटों के दौरान बडऩगर तहसील में सर्वाधिक 67 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. इस वर्ष अभी तक जिले की खाचरौद तहसील में सर्वाधिक वर्षा 902 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है. पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 24.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई.

### बस्तियों में भरा पानी

शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों की परेशानी बढ़ गई थी. घरों में पानी भरने से लोगों का सामान भीग चुका था. जहां ज्यादा जलभराव की स्थिति बनी थी वहां नगर निगम की टीमें जल निकासी के लिये पहुंचना शुरू हो गई थी. कुछ क्षेत्रों में बनी झुग्गी-झोपडिय़ों में तेज बारिश से काफी नुकसान हुआ है.

# सोशल मीडिया पर वायरल दुष्कर्म की खबर निकली झूठी

- अनुपपुर की पुलिस जांच में हुआ खुलासा

**अनूपपुर, 5 सितंबर. सोशल मीडिया पर अमरकंटक रोड सांधा तिराहे के पास दो युवकों द्वारा युवती के अपहरण कर जंगल ले जाने और उसके साथ गलत कार्य किये जाने का वीडियो वायरल हुआ.**

इसी बीच 31 अगस्त की रात 8.15 बजे एक युवती ने डायल 100/112 पर सूचना दी कि उसकी नाबालिग बहन को दो अज्ञात युवक जंगल की ओर ले गए हैं. सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविन्द जैन, उपनिरीक्षक प्रवीण साहू, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, आरक्षक अब्दुल कलीम, आरक्षक प्रकाश तिवारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने 26 वर्षीय युवती और उसकी 16 साथी को सुरक्षित बरामद कर महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा के पास अग्रिम कार्यवाही हेतु थाने लाया गया. दोनों ने शुरूआत में केवट प्रसाद बनावल और दुर्गेश बनावल पर गंभीर आरोप लगाए.

पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया. जांच में सामने आया कि 100 डॉयल में कॉल करने वाली युवती का भाई प्रेसपाल बनावल पहले से ही नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जेल में है.

# 45 दिनो से बंद था घर का दरवाजा, पुलिस ने खोला तो मिली लाश

**जबलपुर.** गोरखपुर थाना क्षेत्र में एक घर का दरवाजा 45 दिनों से बंद था. पुलिस पहुंची घर का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो सड़ी गली लाश मिली. पुलिस ने बताया कि संजय राठौर पिता स्व.पी.सी. राठौर निवासी 302 चन्द्रिकांचल अपार्टमेंट कृपाल चौक ने सूचना दी कि हाउसिंग बोर्ड के सदस्य ने बताया था कि विजित टीजी पिता व्ही के गोपालन रहता था, उसके घर का दरवाजा 45 दिनो से अन्दर से बंद है और दुर्गन्ध आ रही है. उक्त सूचना के आधार पर थाना मे सूचना दी थी. पुलिस ने धक्का देकर दरवाजा खोला और अन्दर जा कर देखे तो अन्दर वाले कमरे में वाथरूम की गली में वह में मृत पड़ा था.

# कॉलेज में ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र खोलने का झांसा देकर 7 .50 लाख ऐंठे

**जबलपुर 5 सितंबर. कॉलेज में ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र खोलने का झांसा देकर स्वयं को एचसीएल कंपनी का कर्मचारी बताकर कम्पनी द्वारा 250 रुपये प्रति परिक्षार्थी से लाभ का आश्वसन देकर 50-50 प्रतिशत का एग्रीमेन्ट मेल के जरिये साईन करवाकर जालसाज ने महाविद्यालय संचालक को 7, 75, 047 रुपये की चपत लगा दी.**

पुलिस के मुताबिक विजय कुमार शर्मा पिता बी. आर. शर्मा निवासी तिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे मंडला में संचालित जानेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय, धमनगावं, डिंडौरी जिला डिंडौरी में महाविद्यालय का संचालक है. उसके पास अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तीन मोबाइल नंबरों से किसी विवान ठाकुर का फोन आया जिन्होंने स्वय को एचसीएल कंपनी का कर्मचारी बताया। एचसीएल एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, मोबाइल धारक के द्वारा महाविद्यालय में ऑनलाईन परीक्षा केन्द्र खोलने की बात कहीं. इस पर प्राचार्य से राय ली उनके द्वारा यह प्रस्ताव उचित बताया गया। उनके अनुसार यह एक आदिवासी अंचल है, जहां इस प्रकार के परीक्षा केन्द्र की सुविधा आस पास नहीं है। छात्र हित को ध्यान में रखते हुये प्रपोजल स्वीकार कर लिया। कालेज में आनलाईन परीक्षा केन्द खोलने का झांसा देकर एचसीएल कम्पनी द्वारा 250 रुपये प्रति परिक्षार्थी से लाभ का आश्वासन दिया गया.

**मुलाकात** दिल्ली में मंत्रालय में मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से की चर्चा, तत्काल एक्शन के निर्देश

# पुराने दुकानदारों का आरक्षण होगा, टैक्स छूट मिलेगी

**ग्वालियर 5 सितंबर. ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज शाम नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मंत्रालय में भेंट कर उन्हें ग्वालियर व्यापार मेला में आने वाले पारंपरिक व्यापारियों, दुकानदारों को दुकान आवंटन में होने वाली असुविधा एवं अन्य समस्याओं व मांगों से अवगत कराते हुए उनके निराकरण के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया.**



मेला व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पत्र पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आश्वस्त किया कि ग्वालियर मेला में पीढ़ी दर पीढ़ी दुकानें लगाते आ रहे व्यापारियों एवं पारंपरिक दुकानदारों की दुकानें पूर्व की तरह आरक्षित की जाती रहेंगी, इसलिए मेला व्यापारी अपनी दुकानों के प्रति निश्चिंत रहें. सिंधिया ने यह भी भरोसा दिया कि मेला प्राधिकरण बोर्ड का गठन बहुत जल्द कर दिया जाएगा, राज्य सरकार के संबंधित विभागों एवं प्रशासन को निर्देशित करें कि इस वर्ष का मेला निर्धारित समयावधि पर प्रारंभ हो.

मेला व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मेला की मौजूदा कुव्यवस्था को देखते हुए सिंधिया से हस्तक्षेप का आग्रह करते हुए मांग की कि सवासौ साल का गौरवशाली अतीत रखने वाले ग्वालियर व्यापार मेला का आयोजन इस वर्ष समय से हो, दुकान आवंटन से लेकर आरटीओ टैक्स में पचास फीसदी छूट का निर्णय जैसी सभी प्रक्रियाएं अभी ही पूर्ण कर ली जाएं ताकि मेला आयोजन में विलंब न हो और मेला से जुड़े किसी भी बिन्दु पर असमंजश अथवा भ्रम की स्थिति न रहे. दुकान आवंटन में उन पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता दी जाए जो कई पीढ़ियों से मेला में दुकानें लगाते आ रहे हैं. इस पर सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर मेला की गरिमा को न सिर्फ संरक्षित किया जाएगा बल्कि वर्ष 25-26 के मेला आयोजन में इसमें और नए आकर्षक आयाम जोड़े जाएंगे. मेला व्यापारी संघ ने ज्ञापन पत्र में कहा पिछले छह वर्ष से ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण विधिवत बोर्ड के गठन के बिना ही चल रहा है, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं बोर्ड संचालकों के पदों पर अभी तक नियुक्तियां नहीं हुई हैं, इसलिए मेला प्राधिकरण का बोर्ड अतिशीघ्र गठित किया जाए. मेला के सुचारू, सुविधापूर्ण आयोजन के लिए सेल्स टैक्स में पचास प्रतिशत रियायत का निर्णय अभी ही ले लिया जाए ताकि मेला व्यापारी एवं सैलानी असमंजश में न रहें.

# चांदामेटा में युवकों ने लहराया फिलिस्तीनी झंडा, विवाद बढ़ा



**छिंदवाड़ा.** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर चांदामेटा में निकाली गई रैली उस समय विवादों में घिर गई, जब कुछ युवकों द्वारा फिलिस्तीन का झंडा लहराया गया. इस घटना को लेकर विहिप ने आपत्ति दर्ज कराते हुए एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा और कथित युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. पुलिस ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया और फिलिस्तीनी झंडा लहराने वाले युवक को राउंडअप कर पूछताछ शुरू की. देर शाम तक पुलिस की जांच जारी रही. प्रारंभिक जांच के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी.

# जहर सेवन से युवक की हुई मौत

**छिंदवाड़ा.** अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के थावरी खुर्द के रहने वाली युवक की शुक्रवार की सुबह जहर सेवन से मौत हो गई है पुलिस ने मारा कम कर मामला जांच पर लिया है जानकारी मुताबिक विनोद पिता कुंवर सिंह भलावी उम्र 30 साल थोड़ी खुर्द का रहने वाला है गुरुवार को उसने अज्ञात कर्म के चलते जहर का सेवन कर लिया था जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी उसकी हालत गंभीर हो गई परिजनों ने उसे छिंदवाड़ा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम का 100 परिजनों को सौंप दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी है.